चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30.8.23 | 5 | 1-3 |

# हकृवि में एक सितम्बर से अलग-अलग विषयों पर पांच प्रशिक्षणों का होगा आयोजन

## विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक देंगे युवाओं को कौशल विकास बढ़ाने के टिप्स


हिसार, 29 अगस्त (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से सितंबर माह के दौरान विभिन्न विषयों पर पांच व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 7 सितंबर तक भेड़ एवं बकरी पालन विषय पर जबकि तीन दिवसीय चार प्रशिक्षणों में पहला प्रशिक्षण 15 से 18 सितंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर, दूसरा व तीसरा प्रशिक्षण 20 से 22 सितंबर तक सब्जियों की संरक्षित खेती और फल एवं सब्जी प्रशिक्षण विषय पर और चौथा प्रशिक्षण 25 से 27 सितंबर तक मधुमक्खी पालन विषय पर आयोजित किए जाएंगे।

डॉ. गोदारा के अनुसार ये सभी प्रशिक्षण निशुल्क होंगे और प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। इन सभी प्रशिक्षणों में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों को उत्पादन तकनीकों व नवाचारों की जानकारी देकर उनका कौशल विकास बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण से संबंधित विश्वविद्यालय में स्थापित इकाईयों का भ्रमण करवाकर उनका ज्ञानवर्धन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रशिक्षणों के लिए इच्छुक युवक व युवतियां सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में उपरोक्त प्रशिक्षणों के आरंभ होने की तारीख को सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। सभी प्रशिक्षणों में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों की एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.8.23 | 2 | 7-8 |

## हकृवि में एक सितंबर से पांच प्रशिक्षणों का होगा आयोजन



सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान

**जासं, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से सितंबर में विभिन्न विषयों पर पांच व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक डा. अशोक गोदारा ने बताया कि एक से सात सितंबर तक भेड़ एवं बकरी पालन विषय पर जबकि तीन दिवसीय चार प्रशिक्षणों में पहला प्रशिक्षण 15 से 18 सितंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक, दूसरा व तीसरा प्रशिक्षण 20 से 22 सितंबर तक सब्जियों की संरक्षित खेती और फल एवं सब्जी प्रशिक्षण तथा चौथा प्रशिक्षण 25 से 27 सितंबर तक मधुमक्खी पालन विषय पर आयोजित किए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 30·8·27 | 4 | 6 |

## हकृवि में अलग-अलग विषयों पर 5 प्रशिक्षणों का होगा आयोजन

हिसार, 29 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से सितम्बर माह के दौरान विभिन्न विषयों पर 5 व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 1 से 7 सितम्बर तक भेड़ एवं बकरी पालन विषय पर जबकि 3 दिवसीय 4 प्रशिक्षणों में पहला प्रशिक्षण 15 से 18 सितम्बर तक मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर, दूसरा व तीसरा प्रशिक्षण 20 से 22 सितम्बर तक सब्जियों की संरक्षित खेती और फल एवं सब्जी प्रशिक्षण विषय पर और चौथा प्रशिक्षण 25 से 27 सितम्बर तक मधुमक्खी पालन विषय पर आयोजित किए जाएंगे। डॉ. गोदारा के अनुसार ये सभी प्रशिक्षण नि:शुल्क होंगे और प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30.8.23 | 10 | 4 |

## हकृवि के वैज्ञानिक देंगे युवाओं को कौशल विकास बढ़ाने के टिप्स

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से सितंबर माह के दौरान विभिन्न विषयों पर पांच व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। इन सभी प्रशिक्षणों में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों को उत्पादन तकनीकों व नवाचारों की जानकारी देकर उनका कौशल विकास बढ़ाया जाएगा। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 1 से 7 सितंबर तक भेड़ एवं बकरी पालन विषय पर जबकि तीन दिवसीय चार प्रशिक्षणों में पहला प्रशिक्षण 15 से 18 सितंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर, दूसरा व तीसरा प्रशिक्षण 20 से 22 सितंबर तक सब्जियों की संरक्षित खेती और फल एवं सब्जी प्रशिक्षण विषय पर और चौथा प्रशिक्षण 25 से 27 सितंबर तक मधुमक्खी पालन विषय पर आयोजित किए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 30.8.23 | 4 | 3 |

## एचएयू के वैज्ञानिक देंगे युवाओं को कौशल विकास बढ़ाने के टिप्स

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से सितंबर माह के दौरान विभिन्न विषयों पर पांच व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। एचएयू के वैज्ञानिक इन शिविरों के माध्यम से युवाओं को कौशल विकास बढ़ाने के टिप्स देंगे।

संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 1 से 7 सितंबर तक भेड़ एवं बकरी पालन विषय पर, तीन दिवसीय चार प्रशिक्षणों में पहला प्रशिक्षण 15 से 18 सितंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर होगा। ये सभी प्रशिक्षण निशुल्क होंगे। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | २९.08.2023 | -- | -- |

# हकृवि में अगले माह पांच व्यवसायिक प्रशिक्षण होंगे आयोजित

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 29 अगस्त

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से सितंबर माह के दौरान विभिन्न विषयों पर पांच व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 1 से 7 सितंबर तक भेड़ एवं बकरी पालन विषय पर जबकि तीन दिवसीय चार प्रशिक्षणों में पहला प्रशिक्षण 15 से 18 सितंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर, दूसरा व तीसरा प्रशिक्षण 20 से 22 सितंबर तक सब्जियों की संरक्षित खेती और फल एवं सब्जी प्रशिक्षण विषय पर और चौथा प्रशिक्षण 25 से 27 सितंबर तक मधुमक्खी पालन विषय पर आयोजित किए जाएंगे। डॉ. गोदारा के अनुसार ये सभी प्रशिक्षण निशुल्क होंगे और प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। इन सभी प्रशिक्षणों में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों को उत्पादन तकनीकों व नवाचारों की जानकारी देकर उनका कौशल विकास बढ़ाया जाएगा। प्रशिक्षणों के लिए इच्छुक युवक व युवतियां संस्थान में उपरोक्त प्रशिक्षणों के आरंभ होने की तारीख को सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकेंगे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 29.08.2023 | -- | -- |

# हकृवि में एक सितंबर से अलग-अलग विषयों पर पांच प्रशिक्षणों का होगा आयोजन

**हिसार, 29 अगस्त ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से सितंबर माह के दौरान विभिन्न विषयों पर पांच व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 7 सितंबर तक भेड़ एवं बकरी पालन विषय पर जबकि तीन दिवसीय चार प्रशिक्षणों में पहला प्रशिक्षण 15 से 18 सितंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर, दूसरा व तीसरा प्रशिक्षण 20 से 22 सितंबर तक सब्जियों की संरक्षित खेती और फल एवं सब्जी प्रशिक्षण विषय पर और चौथा प्रशिक्षण 25 से 27 सितंबर तक मधुमक्खी पालन विषय पर आयोजित किए जाएंगे। डॉ. गोदारा के अनुसार ये सभी प्रशिक्षण निशुल्क होंगे और प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। इन सभी प्रशिक्षणों में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों को उत्पादन तकनीकों व नवाचारों की जानकारी देकर उनका कौशल विकास बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण से संबंधित विश्वविद्यालय में स्थापित इकाईयों का भ्रमण करवाकर उनका ज्ञानवर्धन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रशिक्षणों के लिए इच्छुक युवक व युवतियां सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में उपरोक्त प्रशिक्षणों के आरंभ होने की तारीख को सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। सभी प्रशिक्षणों में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों की एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 29.08.2023 | -- | -- |

# एचएयू स्थित एबिक ने पहल व सफल योजना की अंतिम तिथि 17 सितंबर तक बढ़ाई

## हरियाणा प्रदेश के युवाओं, उद्यमियों व किसानों को एक इनोवेटिव आइडिया दिला सकता है 25 लाख

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 अगस्त :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित एग्री-बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) ने छात्रों, उद्यमियों व किसानों से बिजनेस आइडिया मांगे हैं जो उनको कृषि व्यवसायी बनाने में अहम रोल अदा कर सकते हैं। अब एबिक ने पहल व सफल योजना, जिसके अंतर्गत व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार की ओर से ग्रांट देने का प्रावधान है, में आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर 2023 तक बढ़ा दी है। इसके लिए उम्मीदवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hau.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि इस सेंटर के माध्यम से विद्यार्थी, बेरोजगार युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रैडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार के लिए कृषि क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने का यह एक सुनहरा अवसर है, जिसे पहल व सफल योजना में आवेदन करके 25 लाख रूपए तक की ग्रांट व दो महीने के प्रशिक्षण का लाभ उठाया जा सकता है। चयनित उम्मीदवार को उसके उत्पाद की मार्केटिंग के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रदर्शिनियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### आवेदकों को इन महत्वपूर्ण बातों का रखना होगा ध्यान

*आवेदन की प्रक्रिया निःशुल्क होगी। आवेदक हरियाणा प्रदेश या फिर निकटवर्ती राज्य का होना जरूरी है, जो हरियाणा में आकर अपना व्यवसाय स्थापित करने का इच्छुक हो। इसके अलावा आवेदन करने वाले का मुख्य आइडिया एग्री बॉयोटैक, बागवानी, जैविक खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि अभियांत्रिकी, खेती मशीनीकरण, कम खर्च में अधिक उत्पादन, आपूर्ति श्रृखंला प्रबंधन, फसल कटाई व कटाई के बाद की प्रक्रिया, खाद्य प्रक्रिया एवं मूल्य संवर्धन, कृषि में कृत्रिम बुद्धिमता इत्यादि का विशेष ध्यान रखना होगा।*